# 31 जुलाई तक जल अभावग्रस्त घोषित जिला

**सिवनी, देशबन्धु ।** आगामी ग्रीष्म ऋतु में नागरिको के लिये पीने के पानी एवं निस्तार की आवश्यकता की पूर्ति को लेकर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संस्कृति जैन ने म.प्र. शासन राजस्व विभाग (राहत) भोपाल द्वारा सूखा, पेयजल संकट एवं अन्य समस्याओं से निपटने के लिये 03 नवम्बर 2007 में जारी निर्देशों की कंडिका 43 पर उल्लेखित म.प्र. पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2002 के अंतर्गत संपूर्ण सिवनी जिले को 15 मार्च से 31 जुलाई 2025 तक के लिये जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया हैं।

जारी आदेशानुसार घोषित जल अभावग्रस्त अवधि में सक्षम अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति, किसी भी सार्वजनिक स्त्रोत यथा-नदी, नालों, बंधान, स्टॉपडेम, जलधारा, जलाशय, सार्वजनिक कुंओं, झिरिया तथा पेयजल के अन्य स्त्रोतो से सिंचाई या औद्योगिक प्रयोजन हेतु जल का उपयोग नही कर सकेगा। इसी तरह कलेक्टर या कलेक्टर द्वारा प्राधिकृत अधिकारी की अनुज्ञा के बिना कोई भी व्यक्ति, संगठन, प्राधिकरण नलकूप खनन नहीं करेगा।

## बिना अनुमति सार्वजनिक स्त्रोतों से सिंचाई एवं औद्योगिक प्रयोजन से नहीं लिया जा सकेगा पानी, बिना अनुमति नहीं होंगे नलकूप खनन

इस दौरान जिले में नदी, नालों, बंधानों, नहरों, जलाशय एवं बांधों से पेयजल तथा निस्तार प्रयोजन के अतिरिक्त किसी अन्य प्रयोजन के लिये पानी का उपयोग करने पर जल संसाधन विभाग अथवा संबधित विभाग की जिम्मेदारी होगी कि वे क्षेत्र में स्थापित मोटर पंप की सूची म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी को उपलब्ध करावें एवं ऐसे मोटर पंप के विद्युत विच्छेद संबधित कार्यपालन अभियंता, म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी की द्वारा किया जायेगा।

यदि किसी व्यक्ति, संगठन, प्राधिकरण प्रतिबंधित अवधि में सिंचाई अथवा औद्योगिक प्रयोजन के लिये पानी के उपयोग की अनुमति चाहते है तो वे अधिनियम की धारा 4 एवं संबधित नियमों के तहत आवेदन प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत कर सकते हैं। इसी प्रकार नवीन नलकूप, नलकूप गहरीकरण, नलकूप की साफ-सफाई के लिये अधिनियम की धारा -6 एवं संबधित नियमों के तहत आवेदन प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ-साथ नलजल प्रदाय योजनाओं से पेयजल प्रदाय किये जाने में भी जिन नल कनेक्शन वाले घरों में मोटर पंप स्थापित कर प्रेसर से पानी खींचा जाता है जिससे अन्य घरों में पानी नहीं पहुच पाता है।

ऐसे स्थानों में संबंधित ग्राम पंचायत एवं नगरपालिका द्वारा भी मोटर जप्ती की कार्यवाही की जायेगी। जारी आदेशानुसार नलकूप खनन, नलकूपों की साफ-सफाई आदि की अनुमति देने के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अधिकृत किया गया है। उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर 02 साल का कारावास अथवा 2 हजार रूपये तक का जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किया जाएगा।

## रोजगार मेला 20 मार्च को

**सिवनी, देशबन्धु ।** जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी एवं शासकीय आईटीआई सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार में संलग्न किये जाने के उद्देश्य से शासकीय आई.टी.आई., बायपास चौक, बरघाट रोड, सिवनी में दिनांक 20 मार्च 2025 को प्रात: 11 बजे से शाम 04 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा हैं।

## शांति समिति की बैठक आयोजित



**करकबेल, देशबन्धु।** थाना ठेमी प्रांगण में होलिका दहन, धुरेड़ी रंगपंचमी, चैत्र नवरात्र, रमजान, ईद को लेकर थाना ठेमी प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रियंका केवट, निरीक्षण थाना ठेमी, सियाराम परिहार, सहित हिन्दू मुस्लिम, क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आगामी आने हिन्दू मुस्लिम उत्सव को शांति पूर्वक एवं भाईचारा से मनाने के लिए विचार विमर्श किया।

इस थाना ठेमी प्रभारी ने सभी थाना क्षेत्र वासियों आगामी त्यौहारों आपसी सदभाव, सौहार्द शांति पूर्वक ढंग मनाने हेतु आग्रह किया है। होलिका दहन ऐसे जगह किया जिससे किसी कोई परेशानी न हो। होलिका दहन रात्रि दस बजे तक किया जाए ।

होलिका दहन बिजली के तारों, किसी विवादित जगह न किया।तेज ध्वनि के डी जे पर पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। केमीकल रंग पीली मिट्टी का उपयोग न किया जाए।

होली पर आसामाजिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखकर आतंक करने वाले पर कार्रवाई की जायेगी।इस अवसर पर क्षेत्र गणमान्य नागरिक सामजसेवी, पत्रकार बंधु की उपस्थिति रही।

## सार-समाचार

### सार्वजनिक गणेश मंदिर निर्माण की रखी गई आधारशिला



**सौसर, देशबन्धु।** शहर के वार्ड क्रमांक 5-6 में सार्वजनिक गणेश मंदिर के निर्माण की आधारशिला रखी गई। जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप भाऊ मोहोड़ के हाथों भूमिपूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य एवं जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़ ने कहा, भारत सनातन संस्कृति की ओर अग्रसर हो रहा है। यह देवी-देवताओं की जन्मस्थली रही है, और हमें अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए।

भूमिपूजन कार्यक्रम पर नगर पालिका अध्यक्ष सुरेखा इंदरचंद्र डागा, पार्षद डॉ. सुनील खंडाईत, मंदिर कमेटी अध्यक्ष विनोद कलसकर, उपाध्यक्ष आदित्य गायकवाड, सचिव सतीश धकाते, सहसचिव किशोर पाटिल, कोषाध्यक्ष अरुण खंडाईत, मनोज बोडखे, किशोर यावलकर, विकास जौंजाल, जीतू कोठेकर, कमलेश वरोकार, जितेंद्र श्रीखंडे, दिवाकर अढाऊ, दिनेश अढाऊ, ऋषभ गायकवाड, रमेश गायकवाड, मीना धकाते, दीपाली वरोकार, गीता गायकवाड, मीना गायकवाड सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

### मां नर्मदा की महाआरती की

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** श्रीधाम में विगत दिवस नगर की अग्रणी धार्मिक संस्था श्री रेवा महाआरती समिति गोटेगांव के तत्वाधान में समीपवर्ती ग्राम मुंआरघाट में मां नर्मदा मैयाजी की साप्ताहिक संगीतमय महा आरती एवं भगवान श्री पारदेश्वर महादेवजी का पूजन अर्चन प्रत्येक सोमवार को विगत 9 वर्षों से भी अधिक समय से प्रत्येक सोमवार को माता नर्मदामैयाजी की महाआरती भक्तों के द्वारा की जाती है इस सप्ताह की महाआरती पं.राजेंद्रप्रसाद शास्त्री के आचार्यत्व में पूर्ण



विधिविधान मंत्रोच्चारण के साथ संतोष नेमा परिवार द्वारा संपन्न की गई । तत्पश्चात भगवान श्री पारदेश्वर महादेव जी का वैदिक मंत्रों द्वारा पूजनअर्चन किया गया । तदोपरांत सामूहिक रूप से साप्ताहिक संगीतमय महाआरती स्थानीय कलाकारों के द्वारा भजनों की अनुपम प्रस्तुति की गई । जगत जननी मां नर्मदा मैयाजी का गुणगान करने के उपस्थित समिति सदस्यों व मातृशक्ति द्वारा दीपदान करने के उपरांत समापन पर महा प्रसाद का वितरण किया गया।,इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति महाआरती समिति के समस्त सहयोगी सदस्य व श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

### स्वयं सेविका के लिए आयोजित हीमोग्लोबिन जांच कार्यक्रम



**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम जुन्नारदेव विशाला में स्वयंसेविकाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्राचार्य डॉ टांडेकर के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर रश्मि नागवंशी के नेतृत्व में और बीएमओ डॉ बॉथम के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस शिविर में, स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव विशाला की कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर द्वारा स्वयंसेविकाओं के हिमोग्लोबिन की जांच की गई और आयरन की टेबलेट दी गई। इसके अलावा, सिकल सेल एनीमिया की भी जांच की गई। सी एच ओ बरखानिया मैडम द्वारा स्वयंसेविकाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। यह शिविर स्वयंसेविकाओं के स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था।

## मेधावी छात्र-छात्रा को मिली स्कूटी

**पीपला नावार, देशबन्धु।** सत्र 2023-24 की कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा में सम्था में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर शासन की जनकल्याणकारी योजना का लाभ प्राप्त किया।

संस्था प्राचार्य गणेश परतेती द्वारा बताया गया की शासन की योजना शासकीय शात्राओं में कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले उन छात्रों को इस योजना का लाभ दिया जाता है। हमारी संस्था से सत्र 2023-24 में विज्ञान संकाय की छात्रा कु अश्विनी पिता जीवन घायवट द्वारा 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



गणित संकाय से पियूष पिता रामकृष्णा ब्रम्हे ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया । शासन द्वारा दोनों छात्रो के बैंक खातों में 90000/- की राशि डाली गई जिस राशि का उपयोग छात्रो द्वारा अपने अभिभावकों की सहायता से सौसर होंडा एजेंसी से स्कूटी शाला में लाई गयी एवं संस्था प्राचार्य गणेश परतेली एवं संस्था के समस्त शिक्षक साथियों की उपस्थिती में स्कूटी भेंट की गई ।इस अवसर पर छात्र एवं उपस्थित अभिभावकों द्वारा शासन का आभार व्यक्त किया।

उपस्थित समस्त शिक्षक चन्द्रशेखर जैवार, मधु डेहरिया, अनामिका मंडाले, संजय सालबरडे, प्रवीण पाटिल, राजेन्द्र सरवरे, धर्मवाती कवडेती, उषा सहारे, शशिकला धुर्वे, ओमकार किनकर, बादल बोरकर, गणेश राऊत, शुभाम देशमुख, विध्या गुर्वे, संगीता कोठे, सध्या कामडे, खुशबू तिजारे, सोनम कामले, आदि उपस्थित रहें एवं छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुये. शुभकामना प्रेषित की।

## दर्द से परेशान अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** जुन्नारदेव पुलिस थाने से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत पटनिया में एक अधेड़ द्वारा खुद के घर के पीछे महुआ के पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर झूल गया मौके की सूचना मिलते ही प्रधान आरक्षक दिलीप उपाध्याय और आरक्षक राम अवतार मौके स्थल पर पहुंचे मामले पर पुलिस ने बताया कि मृतक मानक इवनाती उम्र 55 का बताया जा रहा है, कई समय से कमर पर हुए फोड़े के दर्द से लगातार परेशान रहता था जिसके चलते फांसी लगा ली शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंपा।

## खैरी तायगांव में महिला सम्मान समारोह आयोजित

**खैरी तायगांव,( सौसर ), देशबन्धु।** ग्राम खैरी तायगांव में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला समूह द्वारा भव्य महिला सम्मान समारोह एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सत्यम सेलिब्रेशन हॉल, खैरी तायगांव में सोमवार को दोपहर 2 बजे आयोजित किया गया, जिसमें समाज के कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लता गोपालजी येलकर (पूर्व महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष) थीं। उनके साथ ही जिला भाजपा अध्यक्ष पांढुरना संदीप भाऊ मोहोड, वरिष्ठ नेता मोरेश्वर मर्सकोले ,भाजपा सावली मंडल के अध्यक्ष प्रभाकर बोबडे ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

कार्यक्रम में विशेष रूप से जनपद अध्यक्ष संजय भूते, सरपंच भोजराज धोतके, चंद्रशेखर कहाते,बंडू उइके, हरिदास धुर्वे, माधव ठाकरे, नामदेव भुजबल, आनंद दुफारे, कुमराज कूरेकर और शरद बोबडे की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी भव्य बनाया। इस अवसर पर वक्ताओं ने महिलाओं की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थिति पर अपने विचार साझा किए और महिलाओं के अधिकारों, आत्मनिर्भरता और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया।

मुख्य अतिथि लता येलकर ने महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज में उनकी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि, एक सशक्त महिला पूरे समाज की नींव को मजबूत बनाती है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

सम्मानित महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का आयोजन जागृति संकुल स्तरीय संगठन (सीएफएल), खैरी तायगांव के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन में आयोजकों ने सभी अतिथियों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।

## होलाष्टक के कारण मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह की तिथि बढ़ी



### भाजपा ने आयोजित की प्रेसवार्ता

**परासिया, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह की तिथि को आगे बढ़ाने को लेकर कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन करते हुये रैली निकालकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसके विरोध में भाजपा कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, भाजपा विधानसभा प्रभारी ज्योति डेहरिया एवं शहरी मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी ने प्रेसवार्ता आयोजित की। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुये बताया गया कि होलाष्टक प्रारंभ होने के कारण विवाह की तिथि स्थगित की गई है।

होलाष्टक में विवाह एवं कोई भी मांगलिक कार्य नहीं होते है। जिस कारण मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह की तिथि 7 मार्च से बढ़ाकर 13 अप्रेल 2025 किया गया है।

## समर्पण निधि अभियान का समय पूर्व लक्ष्य पूर्ण करें



### समीक्षा बैठक

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** भाजपा मंडल बिछिया में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने पार्टी की आजीवन समर्पण निधि संग्रह कार्य की समीक्षा बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान कार्यकर्ताओं के साथ जिला अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कार्यकर्ताओं के घर घर जाकर समर्पण निधि का आग्रह कर राशि जमा कराई।

इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी रहे डॉ. विजय आनंद मरावी, जिला महामंत्री समर्पण निधि अभियान जिला प्रभारी उमेश ठाकुर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अखिल सिहारे, मंडल बिछिया नीरज भट्ट सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ज्योतिर्लिंग मंदिर में कांग्रेस ने अर्पित किया गंगा जल

**मोहगांव हवेली, देशबन्धु ।** संकट मोचन भगवान हनुमान जी महाराज के परम भक्त, धर्मानुरागी पूर्व सांसद नकुलनाथ के द्वारा प्रयागराज महाकुंभ से लाया गया पतित पावनी मां गंगा का जल श्रद्धा भाव के साथ मोहगांव हवेली नगर के अर्धनारीश्वर मंदिर में अर्पित किया गया। शिव लिंग पर जल अर्पित कर कांग्रेस परिवार के सदस्यों ने सर्व कल्याण के लिए प्रार्थना की।

सर्वविदित है कि नकुलनाथ ने विश्व विख्यात आस्था व संस्कृति के केन्द्र महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगाकर छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र, मप्र व देश के लिए सुख, शांति व समृद्धि की कामना की थी। उन्होंने अपनी मनोकामना के अनुरूप त्रिवेणी संगम से पावन गंगा जल अपने साथ लाया और जिले के निर्धारित दस मंदिरों में उसे अर्पित करने का संकल्प लिया था।



उनकी आस्थानुरूप कांग्रेस परिवार के सदस्यों द्वारा लगातार निर्धारित मंदिरों में गंगा जल अर्पित किया जा रहा है। इसी क्रम में कांग्रेसजन ने अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर गंगा जल अर्पित किया एवं समस्त जन मानस के लिए खुशहाली मांगी।

इस अवसर पर सौसर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राजेंद्र यमदे ब्लॉक उपाध्यक्ष राजू चौधरी मंदिर उपाध्यक्ष एवं पार्षद नितिन ढोबले, क्षेत्रीय अध्यक्ष शंकर ब्रम्हे, किसान संगठन अध्यक्ष दिलीप गुर्वे, ब्लॉक कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अमरीश जायसवाल, राजा कलसकर डॉ रमेश हाते, कपिल गड़ेकर, एवं जिला झुग्गी झोपड़ी अध्यक्ष हंसराज बारस्कर विशेष रूप से उपस्थित थे।

## दैनिक राशिफल

**बुधवार 12 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की त्रोयोदशी, नक्षत्र- मघा।**

**मेष** आज वाणी पक संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा।

**वृषभ** आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** आज का दिन लाभदायी है। नौकरीमें अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है। `क-

**कर्क** अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है।

**सिंह** आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलना होगा। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहेगी।

**कन्या** आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

**तुला** आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं।

**वृश्चिक** साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं।

**धनु** आज आप हर मामलों में सावधान रहें। माता के स्वास्थ्य में हो रहा परिवर्तन आपके विचारों को नेगेटिव कर सकता है। इससे आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

**मकर** जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

**कुंभ** अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा।

**मीन** आज का आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप उत्साही बने रहेंगे। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अच्छा है।

म.